महिलाओं का सशक्तिकरण

महिलाओं का सशक्तिकरण

1. सीआईएल

दिनांक 01.01.2022 की स्थिति के अनुसार सीआईएल और इसकी सहायक कंपनियों की विभिन्न स्थापनाओं में लगभग 19,656 महिला कर्मचारी कार्यरत हैं। सार्वजनिक क्षेत्र में महिला मंच (डब्ल्यूआईपीएस) की स्थापना दिनांक 12 फरवरी, 1990 को स्टैंडिंग कांफ्रेंस ऑफ पब्लिक एंटरप्राइजेज (एससीओपीई) के तत्वाधान में की गई थी। कोल इंडिया में यह 1990 में अस्तित्व में आया। यह मंच सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में महिला सशक्तिकरण के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। कोल इंडिया लिमिटेड में एक यौन उत्पीड़न शिकायत समिति है जिसमें भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए दिशा–निर्देशों के अनुसार सदस्य हैं। प्रसूति प्रसुविधा अधिनियम के अनुसार मातृत्व अवकाश के अलावा, महिला कर्मचारियों को उनके अनुरोध पर एक या एक से अधिक चरणों में 18 वर्ष की आयु तक 2 जीवित बच्चों के लिए 730 दिनों तक शिशु देखभाल अवकाश दिया जाता है।

2. एनएलसी इंडिया लिमिटेड

एनएलसी इंडिया लिमिटेड में 31 दिसम्बर, 2021 की स्थिति के अनुसार महिला कर्मचारियों की कुल संख्या 907 है जिसमें 318 कार्यपालक हैं। उनकी क्षमता के विकास के लिए निम्नलिखित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था:

- ❖ एक डॉक्टर सहित वरिष्ठ महिला कार्यपालकों की समिति का गठन किया गया था ताकि कार्यस्थल पर महिला कर्मचारियों को यौन उत्पीड़न से बचाया जा सके।
- ❖ सेवारत महिला कर्मचारियों के लाभार्थ 'अनबालय' नामक शिशुसदन की शुरूआत की गई जिसमें प्रशिक्षित कार्मिक सेवारत हैं।
- ❖ डब्ल्यूआईपी के एनएलसी इंडिया लि. चैप्टर में भी महिला कर्मचारियों के लाभ के लिए कई खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यकलाप, सामूहिक परिचर्चाओं का आयोजन किया है।

- ❖ महिलाओं हेतु कौशल विकास कार्यक्रम

माननीय भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किए गए भारतीय कौशल मिशन के परिप्रेक्ष्य में, एनएलसीआईएल द्वारा कौशल विकास एवं व्यापक स्तर पर उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने हेतु कई सारी पहल की गई हैं।

एनएलसीआईएल ने निम्न व्यवसाय भूमिकाओं में महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु नये कौशल एवं उद्यम विकास प्रशिक्षण दिया है:

- ❖ स्व–रोजगार अनुकूलन टेलरिंग
- ❖ सहायक सुन्दरता चिकित्सक
- ❖ घरेलू डेटा प्रविष्टि प्रचालक
- ❖ शोभाचार आभूषण
- ❖ आम कार्य सहायक
- ❖ हस्तनिर्मित अगरबत्ती
- ❖ सिलाई मशीन प्रचालक
- ❖ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह

एनएलसीआईएल ने दिनांक 27 मार्च, 2021 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, 2021 भव्य ढंग से मनाया गया। प्रख्यात हस्ती तेलंगाना एवं पुदुचेरी की माननीय राज्यपाल श्रीमती तमिलिसाई साउंडर राजन ने एनएलसीआईएल के राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान और महिला सशक्तिकरण पर उनके प्रयासों की प्रशंसा की है। श्रीमती विस्मिता तेज, संयुक्त सचिव (कोयला मंत्रालय) और अन्यों ने वीडियो क्लिपिंग के माध्यम से महिला दिवस पर संदेश दिया था। अपने प्रेरक भाषण में उन्होंने युवा महिलाओं पर उनके सपने पूरे करने के अवसरों का लाभ उठाने पर जोर दिया। उन्होने जेंडर एग्नोस्टिक कल्चर पर भी जोर दिया और इस संदर्भ में जो कमियां रह गई हैं, उन पर तथा हर तरह की मुश्किलों का डटकर सामना करने के तरीकों पर प्रकाश डाला गया।

- ❖ महिलाओं हेतु आयोजित किए गए प्रशिक्षण कार्यक्रम
- ❖ महिला कर्मचारियों हेतु स्वास्थ्य एवं स्वच्छता।

- महिला कर्मचारियों के लिए स्वस्थ जीवन।
- महिलाओं के लिए सेफ ड्राइविंग प्रैक्टिस।
- महिलाओं के लिए तनाव प्रबंधन।
- महिलाओं के लिए संधारणीय विकास।
- महिला सशक्तिकरण।
- महिला कर्मचारियों के लिए कार्य–जीवन में संतुलन।